**आकाशवाणी शिमला**

**18.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे**

**भाजपा सेवा पखवाड़ा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को देश भर में सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न विषयों पर अलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज भाजपा द्वारा शिमला के कालीबाड़ी परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसका शुभारंभ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में जीएसटी में छूट देकर जनता को राहत प्रदान की है। उन्होंने कहा कि ये जीएसटी भारत के इतिहास में आजादी के बाद पहला अवसर है जब टैक्स कम हो रहा है। बिंदल ने कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आम आदमी के कल्याण के लिए शुरू किया गया है और इससे देश की आर्थिकी को मजबूत करने का कार्य हो रहा है। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत आज प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और 25 सितम्बर तक एक पेड़ माँ के नाम मुहिम चलाई जाएगी।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व पुनर्वास कार्य तेज गति से चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रभावित लोगों तक तुरन्त राहत पहुंचाने और जरूरी संसाधनों की आपूर्ति सुनिश्चित करने को भी कहा है। मुख्यमंत्री ने सेब बाहुल्य इलाकों में बंद सड़कों को जल्द खोलने और एच.पी.एम.सी. को अपने संग्रहण केन्द्रों से सेब की ढुलाई के लिए अतिरिक्त वाहन लगाने के भी निर्देश दिए ताकि बागवानों को परेशानी का सामना न करना पड़े। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार आपदा प्रभावितों के साथ खड़ी है और हालात सामान्य करने में कोई कसर नहीं रखी जाएगी।

**जीएसटी सुधार – साइकिल**

इस स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की थी। इस महीने की 3 तारीख को उनका यह सपना साकार हुआ, जब जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर की दरों में कटौती की। नई दरें इस महीने की 22 तारीख से लागू होंगी, जिससे आम जनता को लाभ होगा। आज हम साइकिल उद्योग पर एक नज़र डालते हैं।

**चलो जीते हैं की स्क्रीनिंग**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 75वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म, चलो जीते हैं आज देश भर के लाखों स्कूलों और लगभग 500 सिनेमाघरों में दिखाई जा रही है। यह प्रधानमंत्री मोदी के जीवन की एक बचपन की घटना से प्रेरित है। यह फिल्म एक युवा लड़के–नारू–की कहानी कहती है, जो स्वामी विवेकानंद के दर्शन से गहराई से प्रभावित है और अपनी छोटी सी दुनिया में बदलाव लाने का प्रयास करता है। समीक्षकों द्वारा प्रशंसित यह फिल्म मूल रूप से 2018 में रिलीज़ हुई थी और उस वर्ष की सबसे अधिक देखी गई लघु फिल्मों में से एक थी। इस लघु फिल्म ने 2019 में घोषित 66वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में पारिवारिक मूल्यों पर आधारित सर्वश्रेष्ठ गैर–फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने इसे स्वामी विवेकानंद के दर्शन और विचारों के प्रति एक सिनेमाई श्रद्धांजलि बताया है। इसमें निस्वार्थता और सेवा का संदेश दिया गया है। इधर हिमाचल प्रदेश के ऊना में प्रतिदिन 24 सितम्बर तक इस फिल्म के दो शो दिखाए जा रहे हैं।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में रूक–रूककर मॉनसून की वर्षा हो रही है। मौसम विभाग ने आज कुल्लू, मंडी, बिलासपुर, सोलन, शिमला और सिरमौर जिलों में कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

———————————————